MirageC/Getty Images

# सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा

Student Wellbeing Hub

## माता-पिता और परिवारों के लिए एक मार्गदर्शिका

एक माता या पिता के रूप में आप चाहते हैं कि आपके बच्चे को स्कूल और उसके सारे जीवन में सकारात्मक अनुभव मिलें। आप चाहते हैं कि वे स्वस्थ रिश्तों को विकसित करें, समर्थित महसूस करें और उन्हें सीखने और विकसित होने के सभी अवसर सुलभ हों। आप चाहते हैं कि वे खुद का सम्मान करें, दूसरों का सम्मान करें और सम्मानित हों।

माता-पिता, स्कूलों के साथ साझेदारी में, बच्चों और युवाओं को सम्मान और सम्मानजनक रिश्तों के बारे में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा परिवारों को अपने बच्चों की दूसरों के साथ सकारात्मक वार्तालाप करने तथा बड़े होने और वयस्क बनने के साथ-साथ सम्मानजनक रिश्तों को विकसित करने में मदद करने में समर्थन करती है।

## सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा क्या है?

सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा एक स्कूल-आधारित कार्यक्रम है जो छात्रों का हमारे समुदायों में सम्मानजनक रिश्ते बनाने और उन्हें कायम रखने के कौशल विकसित करने में समर्थन करता है।

सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा देने वाले स्कूलों का मानना है कि उनके स्कूली के समुदाय में सभी को सम्मान, महत्व और समान व्यवहार पाने का अधिकार है।

### पाठ्यक्रम में सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा

Australian Curriculum के सभी वर्षों के स्तरों पर सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा शामिल की गई है। इसे विभिन्न तरीकों से सिखाया जा सकता है, जिनमें शामिल हैं:

- आपके बच्चे की प्राथमिक स्कूल कक्षा में
- प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल, दोनों में स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा में
- माध्यमिक स्कूल में पैस्टोरल देखभाल कक्षाओं के माध्यम से
- विशेष दिनों और छात्रों के नेतृत्व वाली गतिविधियों के माध्यम से।

Education Services Australia

© 2019 Commonwealth of Australia or Education Services Australia Ltd, unless otherwise indicated. Creative Commons BY 4.0, unless otherwise indicated. Student Wellbeing Hub is funded by the Australian Government Department of Education.

# सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा में छात्र क्या सीखते हैं?



सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा उन कौशलों और समझ का विकास करती है जिनकी छात्रों को विविध प्रकार की सामाजिक स्थितियों में लोगों के साथ सकारात्मक और सम्मानपूर्वक वार्तालाप करने के लिए जरूरत पड़ती है।

## सामान्य विषय

सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में अलग-अलग ढंग से सिखाई जा सकती है, लेकिन सामान्य विषयों में शामिल हैं:

- व्यक्तिगत सुरक्षा
- मुकाबला करने के कौशल
- दोस्त बनाना और संघर्षों को हल करना
- अपनी भावनाओं को प्रबंधित करना
- संचार कौशल विकसित करना।

## समझ और कौशल

सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा के हिस्से के रूप में, छात्र अपने सभी रिश्तों को आपसी सम्मान और समानता पर आधारित होने के महत्व, अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने के तरीके, और परेशान होने पर मदद और समर्थन मांगने के तरीकों के बारे में सीखते हैं।

सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा लड़कों और लड़कियों, दोनों के लिए दादागीरी और हिंसा के कारणों का अन्वेषण भी करती है। यह छात्रों को उन प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद करती है जिन्हें लिंगों के बारे में नकारात्मक सोच और लैंगिक असमानता हमारे द्वारा एक दूसरे को देखने और आपस में बर्ताव करने के तरीके पर डाल सकती है।

Education Services Australia

© 2019 Commonwealth of Australia or Education Services Australia Ltd, unless otherwise indicated. Creative Commons BY 4.0, unless otherwise indicated. Student Wellbeing Hub is funded by the Australian Government Department of Education.

# माता-पिता और परिवार सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा का समर्थन कैसे कर सकते हैं?

स्कूल यह काम अकेले नहीं कर सकते। बच्चों और युवाओं को सम्मान और सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा देने में माता-पिता पहली और सबसे प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं। आप घर पर सकारात्मक व्यवहारों को अमल में लाकर अपने बच्चे की स्कूली शिक्षा को सुदृढ़ कर सकते हैं।

## सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा और लिंग

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि लड़कों और लड़कियों, दोनों को दुर्व्यवहार, दादागीरी और अन्य प्रकार की हिंसा का खतरा हो सकता है। सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सभी रिश्ते अधिक सकारात्मक हों। हालाँकि, सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा का संबंध लैंगिक असमानता और हिंसा के प्रति दृष्टिकोण पर पड़ने वाले प्रभाव के मुद्दे से निपटने से भी है।

लड़के और लड़कियां, छोटी उम्र में ही यह मानना शुरू कर सकते हैं कि ऐसी परिस्थितियां हैं जहां लड़कियों और महिलाओं के प्रति अशिष्ट व्यवहार स्वीकार किया जाता है। बच्चे कुछ वयस्कों को लड़कों और लड़कियों के बारे में अलग-अलग तरीके से बातें करते सुनते हैं, और इन वार्तालापों से सीख सकते हैं कि लड़कों और पुरुषों द्वारा महिलाओं के साथ अशिष्ट व्यवहार करना ठीक है। इस बात को समझे बिना, हम कभी-कभी ऐसी बातें कह सकते हैं और कर सकते हैं जिनसे हमारे बच्चों को लगता है कि अशिष्ट व्यवहार क्षम्य या सामान्य हैं।

अगर हम लड़कों को यह सिखाते हैं कि किसी के साथ रूखा या आक्रामक व्यवहार 'लड़कों के लिए सामान्य बात है' तो वे दूसरे लड़कों और लड़कियों के साथ इसी तरह से व्यवहार करेंगे। लड़कियों से कहा जा सकता है कि लड़के दिलचस्पी या स्नेह दिखाने के रूप में आक्रामक व्यवहार करते हैं - 'क्योंकि वह आपको पसंद करता है'। धीरे-धीरे, लड़के और लड़कियां यह मानना शुरू कर सकते हैं कि अशिष्टता रिश्तों का बस एक सामान्य हिस्सा है।

### अशिष्ट व्यवहार को माफ करना

हम उन कुछ तरीकों से आश्चर्यचकित हो सकते हैं जिनसे हम अशिष्ट व्यवहार को माफ करते हैं। इनमें शामिल हैं:

- अशिष्ट व्यवहार के प्रभावों को महत्व न देना
- यह स्वीकार करना कि आक्रामकता पुरुषों का सहज स्वभाव है
- महिलाओं के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार के लिए उन्हीं को दोषी ठहराना।

हम जानते हैं कि दृष्टिकोण और व्यवहार में परिवर्तन तब संभव हो सकते हैं जब हमारे समुदाय में सकारात्मक दृष्टिकोणों, व्यवहारों और लैंगिक समानता को सुदृढ़ और उन पर अमल किया जाता है।

यदि आप ऐसी भाषा को अधिक बारीकी से देखना चाहते हैं, जो अशिष्टता को माफ कर सकती है, तो Our Watch में The excuse interpreter को पढ़ें।

Education Services Australia

© 2019 Commonwealth of Australia or Education Services Australia Ltd, unless otherwise indicated. Creative Commons BY 4.0, unless otherwise indicated. Student Wellbeing Hub is funded by the Australian Government Department of Education.

cc BY

## माता-पिता और परिवारों में सम्मान के बारे में वार्तालाप कैसे होते हैं?

एक माता या पिता के रूप में आप कभी नहीं जानते हैं कि आपके बच्चे के साथ इस वार्तालाप के लिए स्थिति पैदा कब हो सकती है कि सम्मानजनक तरीके से व्यवहार कैसे करना चाहिए। यह हो सकता है कि आपने कोई ऐसी घटना देखी हो, जिसका फॉलो अप करने की आवश्यकता है या आपने कोई समाचार या फिल्म देखी हो जिसमें हिंसा को दर्शाया गया है। यह हमेशा आसान नहीं होता है, लेकिन वार्तालाप करने के अपने फ़ायदे होते हैं। हर बार जब आप अशिष्ट व्यवहार के खिलाफ़ बोलते हैं, हम एक अधिक सम्मानजनक समाज बनाने की ओर एक छोटा कदम उठाते हैं।

Respect.gov.au ने एक Conversation guide प्रकाशित की है जो अपने बच्चे के साथ सम्मानजनक संबंधों के बारे में वार्तालाप शुरू करने में आपकी मदद कर सकती है।

बच्चों और युवाओं को उन लोगों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिन्हें वे देखते हैं - आप, उनके मित्रों, उनके शिक्षकों और उनके नायकों जैसे अनुकरणीय व्यक्ति। बच्चों को स्वस्थ, खुशहाल और सम्मानजनक रिश्ते बनाने और दूसरों को चोट पहुंचाने, दादागीरी या नीचा दिखाने वाले दृष्टिकोणों और व्यवहारों से बचने के कौशलों का निर्माण करने में बच्चों की मदद करने में सभी को भूमिका निभानी होती है।

## स्कूल क्या कर रहा है इस बारे में अधिक जानकारी माता-पिता और परिवार कहाँ पर प्राप्त कर सकते हैं?

स्कूल सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा शुरू करने के विभिन्न चरणों में हैं। सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा के लिए वे क्या कर रहे हैं, इस बारे में जानकारी के लिए अपने स्कूल से संपर्क करें।

**मुख्य स्कूल संपर्क:** सम्मानजनक रिश्तों की शिक्षा

**संपर्क (फोन):**

**संपर्क (ईमेल):**

Education Services Australia

© 2019 Commonwealth of Australia or Education Services Australia Ltd, unless otherwise indicated. Creative Commons BY 4.0, unless otherwise indicated. Student Wellbeing Hub is funded by the Australian Government Department of Education.

CC BY